दिन–शनिवार दिनांक– 06/04/2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

लोकसभा चुनाव को लेकर प्रदेश में प्रचार अभियान तेज हो गया है। राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव अब से थोड़ी देर बाद जमुई में पार्टी प्रत्याशी अर्चना रविदास के पक्ष में एक चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। विकासशील इंसान पार्टी के मुकेश सहनी भी तेजस्वी प्रसाद यादव के साथ मंच साझा करेंगे।

———————————————————————

भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल नवादा में एनडीए प्रत्याशी विवेक ठाकुर के पक्ष में एक जनसभा को संबोधित करेंगे। इस अवसर पर जदयू के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समेत एनडीए घटक दलों के अन्य प्रमुख नेता भी मौजूद रहेंगे। वहीं, भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह नौ अप्रैल को औरंगाबाद लोकसभा क्षेत्र में पार्टी प्रत्याशी सुशील कुमार सिंह के पक्ष में जनसभा को संबोधित करेंगे।

———————————————————————

चुनाव आयोग चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता लाने के लिए कई अद्यतन तकनीक का इस्तेमाल कर रहा है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार सभी प्रत्याशियों की प्रोफाईल को रियल टाईम अपडेट किया जाएगा। इसके साथ ही दागी प्रत्याशियों की प्रोफाईल आयोग की ऐप पर लाल रंग में नजर आयेगी। वहीं, जिन प्रत्याशियों के खिलाफ कोई मुकदमा दर्ज नहीं होगा, उनकी प्रोफाईल हरे रंग में दिखाई पड़ेगी। चुनाव आयोग द्वारा नो योर कैंडीडेट–केवाईसी ऐप पर प्रत्याशियों के शपथ पत्र को अपलोड किया जाएगा।

———————————————————————

भारतीय जनता पार्टी आज अपना पैंतालीसवां स्थापना दिवस मना रहा है। पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केन्द्रीय मंत्री अमित शाह और पार्टी अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने इस अवसर पर लोगों को शुभकामनाएं दी हैं। श्री मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में पार्टी कार्यकर्ताओं को बधाई दी है और वर्षों से पार्टी के निर्माण में उनकी कड़ी मेहनत, संघर्ष और बलिदान के प्रति आभार व्यक्त किया है। इधर, पटना स्थित पार्टी के प्रदेश

मुख्यालय में इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी और बिहार प्रभारी विनोद तावड़े समेत पार्टी के कई वरिष्ठ नेता शामिल हुये।

————————————————————————

पटना के अलग–अलग थाना क्षेत्रों में पुलिस ने छापेमारी कर पांच प्रिंटिंग प्रेस से लगभग पच्चीस करोड़ रूपये मूल्य की नकली किताब बरामद की है। मौके से सरगना राकेश को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने बताया कि प्रिंटिंग प्रेस में एनसीईआरटी समेत अन्य प्रकाशकों की किताबों की छपाई की जाती थी।

————————————————————————

भागलपुर के कहलगांव स्थित एनटीपीसी प्लांट से वित्तीय वर्ष दो हजार तेईस–चौबीस के दौरान रिकॉर्ड बिजली का उत्पादन किया गया। परियोजना प्रमुख अजय शर्मा ने बताया कि इस वित्तीय वर्ष में सोलह हजार पांच सौ पचपन मिलियन यूनिट विद्युत का उत्पादन हुआ। उन्होंने बताया कि वर्ष उन्नीस सौ चौरासी में प्लांट की स्थापना से यह अब तक का एक वित्तीय वर्ष में सबसे अधिक उत्पादन है। श्री शर्मा ने बताया कि कहलगांव प्लांट एनटीपीसी प्लांटों में दसवीं और पूर्वी क्षेत्र की परियोजनाओं में पहले स्थान पर पहुंच गया है।

————————————————————————

पछुआ हवा के प्रभाव से प्रदेश के दक्षिणी और उत्तर पश्चिमी हिस्सों में कई स्थानों पर लू जैसे हालात बन गये हैं। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार अधिकांश स्थानों का अधिकतम तापमान चालीस डिग्री सेल्सियस के आस–पास पहुंच गया है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान बयालीस दशमलव नौ डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ वैशाली राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले दो दिनों के दौरान राज्य के अधिकतम तापमान में किसी विशेष परिवर्तन की सम्भावना नहीं है। उसके बाद अगले दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की क्रमिक गिरावट आ सकती है। इधर, विभाग ने आज कैमूर, रोहतास, औरंगाबाद, गया, नवादा, जमुई और बांका जिले में कुछ स्थानों पर मेघगर्जन के साथ वज्रपात की चेतावनी जारी की है।

————————————————————————

किशनगंज में खनन विभाग की टीम ने छापेमारी अभियान चलाकर अवैध खनन कार्य में शामिल पांच ट्रक और एक जेसीबी को जब्त किया गया है।

————————————————————————

नवादा जिले के पकरीबरावां बाजार स्थित एक एटीएम के पास से पुलिस ने एक साईबर अपराधी को चौंतीस हजार रूपये और चार एटीएम कार्ड के साथ गिरफ्तार किया

है। बाद में पुलिस ने उसके घर छापेमारी कर कई एटीएम कार्ड, मोबाइल फोन, सिमकार्ड और आधार कार्ड समेत अन्य आपत्तिजनक सामान बरामद किये हैं।

———————————————————————————

नवादा जिले के सिरदला थाना क्षेत्र के खरौंध गांव के पास ट्रैक्टर की चपेट में आने से एक बच्चे की मौत हो गयी। घटना से आक्रोशित लोगों ने सड़क जाम कर प्रदर्शन किया।

———————————————————————————

पूर्वी चंपारण जिले के झरौखर थाना क्षेत्र के अमवा चौक पर पुलिस ने तीन नेपाली नागरिकों को हिरासत में लिया है। उनके पास से एक लाख रूपये से अधिक नेपाली मुद्रा और एक मोटरसाईकिल भी बरामद की गयी है।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।